नईदुनिया

# नकली दवा से फसलों को नुकसान, प्रशासन से शिकायत

Publish Date: | Thu, 08 Aug 2019 04:00 AM (IST)

सलसलाई। खरीफ सीजन में कई दुकानदार कि सानों को नकली दवाई पकड़ा रहे हैं। इससे फसल को फायदा पहुंचने की बजाय नुकसान हो रहा है। ग्राम कौशलपुर के सरपंच विक्रमसिंह मेवाड़ा छह लीटर दवाई लेकर आए थे वहीं ग्राम ईमलीखेड़ा के एक दर्जन कि सानों ने भी दवाई खरीदी थी किंतु दवाई का कोई असर नहीं हुआ बल्कि घास उग आई है। इसे लेकर कि सानों ने संबंधित दुकान पर पहुंचकर हंगामा भी कि या। जानकारी के अनुसार नकली दवाई की शिकायत प्रशासन तक भी पहुंची है।

Posted By: **Nai Dunia News Network**

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/shajapur-shajapur-news-3088653